पंजाब केसरी 09/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग में महिला सशक्तिकरण व साइबर जागरूकता पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

अम्बाला, 8 मार्च (बलराम): अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अम्बाला कैंट में महिला सशक्तिकरण, डिजिटल जागरूकता एवं साइबर क्राइम विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के एमसीए विभाग की असिस्टेंट प्रोफैसर डा. गीता कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में महिलाओं के लिए तकनीकी ज्ञान और ऑनलाइन सुरक्षा की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते वक्ता। (चंद्रमोहन)

उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डा. राम लखन माली भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता के माध्यम से महिलाएं समाज में सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, कॉलेज के सलाहकार एवं जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संदेश में कहा कि आज के समय में डिजिटल जागरूकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी सामान्य शिक्षा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल साइबर अपराधों से बचाव के लिए सक्षम बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं।